मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत महिला महाविद्यालय में पौधरोपण

जालोर. महिला महाविद्यालय में पौधरोपण करते प्राचार्य व अन्य। पत्रिका

जालोर @ पत्रिका. राजेन्द्रसूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमें नीम, अनार, बोगेन वेलिया आदि पौधे रोपे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल. जांगिड़, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम, सहआचार्य मोहम्मद इरफान, सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, डॉ. नगेन्द्र बाला, दिनेश कुमार, शंकरलाल माली, नैनाराम, सुमित दवे, सोहन राम डूडी, नरेश कुमार, मुकेश कुमार, रतन लाल, बुद्धसिंह समेत छात्राएं मौजूद रहीं।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पौधरोपण किया

जालोर | श्री राजेंद्र सूरि कुंदन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमएल जांगिड़ ने कहा की बढ़ते हुए प्राकृतिक असंतुलन को दूर करने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है एवं आमजन को भी इसमें अधिक से अधिक भाग लेकर पर्यावरण संतुलन में योगदान देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. पीपाराम ने बताया कि आगामी 17 जुलाई को सघन पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर सह आचार्य मोहम्मद इरफान, सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, डॉ. नगेंद्र बाला, दिनेश कुमार, शंकर लाल माली, नैनाराम समेत अन्य मौजूद रहे।